27/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारतीय वायुसेना के ईस्टर्न एयर कमांड शिलांग के कमांडिंग इन चीफ, एयर मार्शल सूरत सिंह ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में हवाई संपर्क को बढ़ाने के साथ ही एडवांस लैंडिंग ग्राउंड की परिचालन पर चर्चा की। राज्यपाल ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए, एएलजी को उनकी पूरी क्षमता के साथ सक्रिय करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि सशस्त्र बलों और नागरिकों के लिए उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ने दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिये भी, नागरिक हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुविधा के लिए भारतीय वायु सेना के हवाई यातायात का लाभ उठाने का प्रस्ताव रखा। राज्यपाल ने ईस्टर्न एयर कमांड को रक्षा बलों में स्थानीय प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के उदेश्य से राज्य के युवाओं को भारतीय वायु सेना में भर्ती करने और प्रेरित करने के लिए और अधिक जागरूकता अभियान शुरू करने का सुझाव दिया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सियांग जिले के रुमगोंग में हियोम बांगो उनयिंग गिदी उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री खांडू ने कहा कि रुमगोंग क्षेत्र को राज्य सरकार विकास की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र में सड़क संपर्क को चिंता का विषय बताते हुए आश्वासन दिया कि अगले कुछ वर्षों में विधानसभा क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जायेगा।

श्री खांडू ने बताया कि पायूम सर्कल में पीएमजीएसवाई-IV के तहत चार सड़कें प्रस्तावित की गई हैं जो क्षेत्र में संपर्क को बढ़ावा देंगी। उत्सव में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में छियासठ करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की जिसमें कई सड़कें, दो सर्किट हाउस, स्कूल भवन और पेसिंग गोवर्मेंट हायर सेकेंड्री स्कूल के लिए क्वार्टर और रुमगोंग में एक एडीसी कार्यालय भवन शामिल हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जोमलो प्रशासनिक मुख्यालय के लिए जलापूर्ति परियोजना, पीएमजीएसवाई के तहत पांगकेन और बिनगुंग को जोड़ने वाली सड़क और पेसिंग पीएचसी में छह बिस्तरों वाले डे केयर सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने रुमगोंग एडीसी मुख्यालय से पातुम में एनएच-13 तक सड़क के सुधार की आधारशिला भी रखी।

0000000000000000000

वेस्ट सियांग जिले के सामाजिक कार्यकर्ता एवं मदर्स विजन नामक एनजीओ की संस्थापक, जुमदे योमगाम गामलिन का, जिले में नशा मुक्ति और पुनर्वास प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए सामाजिक कार्य सेवा के तहत पद्म श्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। श्रीमति गामलिन ने अपर सियांग जिले के गेकू और कातान के स्थानीय महिलाओं, सामुदायिक नेताओं और जिला प्राधिकरण के समर्थन से नशा विरोधी अभियान का नेतृत्व किया है। उन्हें नवंबर 2024 में भारत विभूषण पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज आलो में पद्म श्री पुरस्कार विजेता से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा कि, एनजीओ मदर्स विजन के माध्यम से नशा मुक्ति और पुनर्वास पहल में तीन दशकों से उनके अथक प्रयासों ने लोगों के जीवन में बदल के साथ समुदायों को प्रेरित भी किया है।

0000000000000000000

नाहरलागुन एसडीपीओ ऋषि लोंगडो की नेतृत्व में बांदरदेवा पुलिस टीम ने कल बांदरदेवा चेक गेट पर नियमित जांच के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 9.46 ग्राम संदिग्ध हेरोइन से भरी सात शीशियां बरामद कीं और उन्हें जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इससे पहले शनिवार को नाहरलागुन और निरजुली में चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों में एक दमपत्ती सहित चार संदिग्ध ड्रग तस्करों को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी नाहरलागुन मिहिन गाम्बो ने ड्रग से संबंधित अपराधों से निपटने और राज्य वासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

0000000000000000000

विवेकानंद केंद्र विद्यालय, निरजुली ने आज कुल 140 अंकों के साथ गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल, नाहरलागुन, गवर्मेंट हायर सेकेंड्री स्कूल, सेप्पा और वीकेवी, याजाली के कंटेस्टेन्ट को हराकर, इंटर स्कूल इंटरैक्टिव क्विज कॉम्पिटिशन **'बैटल ऑफ माइंड्स 2025'** का खिताब अपने नाम किया।

बैटल ऑफ माइंड्स 2025 का आयोजन राज्य सरकार के युवा मामलों के विभाग द्वारा नॉर्थ ईस्ट काउन्सिल केंद्र सरकार के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास और रोजगार, उत्तर पूर्व परिषद के निदेशक, बामिन तारांग ने कहा कि एनईसी भविष्य में भी बैटल ऑफ माइंड्स का समर्थन करता रहेगा। इस कम्पीटिशन के पहले संस्करण में राज्यभर के अट्ठावन स्कूल्स ने भाग लिया।

0000000000000000000

स्थानीय विधायक तानिया सोकी ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर आज दापोरिजो में हाल की हुई भीषण आग दुर्घटना के बाद कॉलोनी की विभिन्न संकरी सड़कों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक ने निवासियों से आग से बचाव के उपायों के प्रति बेहद सतर्क रहने का आग्रह किया। इस दौरान कॉलोनी के निवासियों और हितधारकों ने पीने के पानी की कमी और आग दुर्घटनाओं के दौरान दमकल सेवाओं की विफलता जैसी अपनी शिकायतें साझा कीं और तत्काल उपचारात्मक उपाय करने की मांग की।

0000000000000000000